परीक्षा में सफलता कैसे हासिल करें विषय पर सेमिनार

बीकानेर। राजकीय डूंगर महाविद्यालय के उर्दू विभाग में ' 'परीक्षा में सफलता कैसे हासिल करे' विषय पर एक छात्र सेमीनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. असमा मसूद ने विश्वविद्यालय की आगामी परीक्षाओं के बी.ए. उर्दू एवं एम.ए.उर्दू के सभी सेमेस्टर के पाठयक्रम और परीक्षा प्रश्न पत्रों के पैटर्न को विस्तार से समझाया। विभाग की सहायक आचार्य डॉ. फखरुन्निशा बानो ने छात्र छात्राओं को प्रश्न पत्र हल करने के संबंध में जानकारी दी एवं असाइनमेंट फाइल तैयार करने का विधि बताई। सेमीनार में एम.ए. के छात्र राजा हसन ने भी अच्छे अंक प्राप्त करने के अपने प्रयासों को साझा किया। सेमीनार में उर्दू विभाग के बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

करुणा इण्टरनेशनल, बीकानेर का वार्षिक अधिवेशन

बीकानेर। करुणा इण्टरनेशनल संस्था, बीकानेर का वार्षिक अधिवेशन ी, को प्रात: 10:30 बजे गंगाशहर स्थित टी. एम. ऑडिटोरियम में समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के समन्वयक गिरिराज खैरीवाल ने बताया कि समारोह में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता, जीव दया, अहिंसा, करुणा, राष्ट्र भक्ति, नशामुक्ति, शाकाहार इत्यादि क्षेत्रों उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष मेघराज बोथरा ने बताया कि बताया कि इस दौरान लगभग 100 करुणा क्लब्स स्कूल्स के प्रधानाध्यापक एवं करुणा क्लब प्रभारी को भी सम्मानित किया जाएगा।

संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जतनलाल दूगड़ के मुताबिक इस वर्ष नवाचार करते हुए उपस्थित प्रत्येक विद्यालय के करुणा क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव का भी सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 4 से लेकर आगे की कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ही करुणा क्लब के पदाधिकारियों का दायित्व दिया जाता है। इन्हीं पदाधिकारियों में से अध्यक्ष एवं सचिव का सम्मान किया जाएगा।

संस्था के सचिव राजेश रंगा ने बताया कि करुणा इण्टरनेशनल संस्था के उद्देश्यों के अनुसार कार्य करने वाले

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले कल्ब्स को अवार्ड मिलेगा

11 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को दयावान अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। इन विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। संस्था के शिक्षा अधिकारी घनश्याम साध के मुताबिक पिछले दिनों हुई नशा मुक्त जीवन - सुखद - संपन्न जीवन पोस्टर प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो वर्गों में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में नगर की 21 स्कूल्स के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रत्येक विद्यालय से प्रति वर्ग प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। संस्था के कोषाध्यक्ष भैरूदान सेठिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में बीकानेर (पश्चिम) के विधायक जेठानंद व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक एवं माध्यमिक) किशन दान चारण, स्काउट व गाइड के बीकानेर सीओ जसवंत सिंह राजपुरोहित एवं समाजसेवी जयचंद लाल डागा एवं विनोद बाफना को अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया गया है।

विभिन्न स्थानों पर 31 को ग्राम उत्थान शिविर लगेगा

बीकानेर, । राज्य सरकार के निर्देशानुसार 23 जनवरी से 'समृद्ध किसान, सशक्त राजस्थान' थीम पर अब तक 25 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी श्रृंखला में 31 जनवरी को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक मदनलाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शीघ्र ही 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' का आयोजन करने जा रही है। ग्राम में प्रगतिशील किसानों और पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के 77 गिरदावर सर्कल्स पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन 9 फरवरी तक किया जाना है। अब तक इनमें से 25 ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। मदन लाल ने बताया कि शनिवार को कानासर, खिन्दासर, शेखसर, हिम्मटसर, खारबारा, अमरपुरा, बापेऊ, बाडेला में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने व अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया है। उद्यानिकी विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि ग्राम उत्थान शिविरों में किसानों को कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित 12 विभागों की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना के तहत प्रोत्साहन राशि की जानकारी व स्वीकृतियां सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण का सत्यापन करने के साथ ही फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, पाली हाउस, सौर पम्प संयंत्र आदि की जानकारी, स्वीकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा है।

इस दौरान वीबी जी-राम-जी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार और पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना का सर्वे कार्य पूरा किया जा रहा है। स्वामित्व कार्डों का वितरण, नहरों एवं खालों की मरम्मत की आवश्यकताओं का चिन्हीकरण, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत पंजीकरण एवं युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

बैठक में विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन

बीकानेर , । स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद की 65 वी बैठक गुरुवार को कुलगुरु प्रोफेसर डॉ राजेंद्र बाबू दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कुलगुरु सचिवालय सभागार में आयोजित इस बैठक में परिषद के मनोनीत सदस्य डॉ बी एल छींपा , भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सहायक महानिदेशक एस के शर्मा, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी सहित सभी डीन डायरेक्टर्स उपस्थित हुए।

बैठक में पूर्व में आयोजित एकेडमी परिषद की बैठक की एक्शन टेकन रिपोर्ट का अनुमोदन किया गया।

विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि महाविद्यालय हनुमानगढ़ के नए लोगो का अनुमोदन किया गया। एग्री बिजनेस मैनेजमेंट संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाए जाने के लिए ऑनलाइन किए जाने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। डॉ देवाराम सैनी ने बताया कि बैठक में आगामी दीक्षांत समारोह में यूजी की 1492, पीजी के 154 तथा पीएचडी के 37 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक में सामुदायिक विज्ञान बीएससी ऑनर्स के स्किल एनहैंसमेंट कोर्स कोड को रिवाइज करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर डॉ दुबे नापासर, यहा जाटबास स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर में गुरुवार को सत्यवादी गौभक्त वीर तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया और एक भव्य महारैली निकाली गई।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।प्रात:काल मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और वीर तेजाजी महाराज से क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह करीब 11.15 बजे मंदिर परिसर से एक भव्य महारैली निकाली गई।

इस महारैली में डीजे, सुसज्जित रथ, ऊंट, ट्रैक्टर और अन्य वाहन शामिल थे। भक्तजन जयकारों और भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरे, जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय वातावरण में रंग गया। ग्रामीणों और दुकानदारों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर महारैली का स्वागत किया।आयोजन समिति के अनुसार, इस महारैली में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही।

फाग उत्सव की तैयारियों ने बांधा समां

बीकानेर, श्री खाटू श्याम मंदिर में जया एकादशी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। अलसुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बसंत ऋतु के आगमन का असर मंदिर परिसर में स्पष्ट रूप से नजर आया, जहाँ श्रद्धालु लाल और पीले गुलाबों के साथ बाबा के दर्शन करने पहुंचे। भक्तों ने श्रद्धा और आस्था के साथ बाबा श्याम के चरणों में पुष्प अर्पित किए। मंदिर परिसर भक्ति भाव, जयकारों और श्याम नाम के संकीर्तन से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी गणों द्वारा आगामी फाग उत्सव की भव्य तैयारियाँ भी प्रारंभ कर दी गई हैं, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार फाग उत्सव के दौरान कई दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें बाबा का फाग उत्सव, भक्ति भजनों की प्रस्तुति, बाबा का भंडारा, चंग पर धमाल, फूलों की होली सहित अनेक आकर्षक आयोजन शामिल होंगे। भक्ति संगीत और रंगों की छटा से मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर रहेगा। विशेष रूप से दिल्ली से प्रतिदिन ताजे फूल मंगाकर बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। बाबा के श्रृंगार की सेवा चेतन शर्मा एवं किशन शर्मा द्वारा की जाएगी।

फूलों से की जाने वाली होली भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। फाग उत्सव के दौरान महिलाओं की विशेष सहभागिता भी देखने को मिलेगी। परंपरा के अनुसार महिलाएं लाल और पीली साड़ियों में सुसज्जित होकर बाबा श्याम की हाजिरी लगाएंगी और श्रद्धा भाव से दर्शन करेंगी। मंदिर परिसर में बसंत के रंग और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के.के. शर्मा सहित ओम जिंदल, बृजमोहन जिंदल, सुरेश अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं सेवाभावी सदस्य इस आयोजन में अपनी सेवाएं अर्पित करेंगे। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाएगा तथा पूरे मंदिर एवं गर्भगृह को इत्र की सुगंध से महकाया जाएगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार फाग उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सुरक्षा, व्यवस्था और सुविधाओं को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है।

ताकि भक्तों को सुगम दर्शन और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त हो सके।जया एकादशी और फाग उत्सव के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर एक बार फिर भक्ति, रंग और उल्लास का केंद्र बनने जा रहा है, जहाँ बाबा श्याम के जयकारों के साथ श्रद्धालु आस्था और आनंद के रंगों में डूबे नजर आएंगे।

कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों के खिलाफ चलेगा 'स्पर्श' अभियान

बीकानेर, । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाएगा। प्रात: 11 बजे 2 मिनट मौन रखकर बापू द्वारा कुष्ठ रोगियों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों को याद किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ पुखराज साध ने बताया कि गुरुवार को जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता हेतु अपना संदेश प्रसारित किया जाएगा। विद्यार्थियों व आमजन के साथ संगोष्ठी, रैली आदि गतिविधियां कर कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता हेतु 'स्पर्श' जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता पखवाड़ा 13 फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी तथा डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष अभियान की थीम है 'कलंक का अंत और गरिमा की सुनिश्चितता'। पखवाड़े के दौरान गांवों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियां को दूर किया जाएगा।

भागवत कथा में कलश यात्रा निकाली

नोखा, यहा जसरासर में आज से 4 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नायकों की धर्मशाला के पास स्थित पाबूजी महाराज के मंदिर के प्रांगण में हो रहा है। श्री डूंगरगढ़ के खेताराम जी शास्त्री बापेऊ से कथा का सुन पाएंगे। कथा का शुभारंभ गुरुवार को ब्राह्मणी माता मंदिर के प्रांगण से हुआ। यहां से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर कथा स्थल तक एक भव्य शोभायात्रा कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में माता बहनों ने भाग लिया, जिससे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बन गया।श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से शाम 4 बजकर 15 मिनट तक चलेगी। कथा के समापन के बाद 5 फरवरी को हवन का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा को मनुष्य को सद्मार्ग की ओर प्रेरित करने वाली पवित्र कथा माना जाता है।आयोजकों का मानना है कि इस आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनेगा और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करेंगे। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी लोगों से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।इस अवसर पर राधा कृष्ण ज्यानी, हुकमा राम तरड़, सोहनलाल छिपा, रुपाराम अचारी, हेमाराम मेघवाल, भागीरथ अचारी, हरजी राम नायक, चेनाराम छिपा, चंदू राम नायक, धर्माराम छिपा, लक्ष्मी नारायण तरड़, बाबूलाल छिपा सहित गांव के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कवि सुरेश कुमरा ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।के हित में आवश्यक निणर्य समयबद्ध रूप से लिए जाएं यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक समन्वय से काम किया जाए। सहायक महानिदेशक शर्मा ने डिजिटल माध्यम से बैठक में शामिल होकर अपनी बात रखी। बैठक में अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश , प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ दीपाली धवन, अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डॉ वीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ आर एस राठौड़ सहित सभी डीन डायरेक्टर्स और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

बीकानेर राजकीय डूंगर महाविद्यालय की एन एस एस इकाई द्वारा एक दिवसीय कैम्प के दौरान राज्य परिवहन विभाग से ज्योति स्वामी सहायक प्रोग्रामर ने सड़क सुरक्षा के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी निबंध, मेहंदी और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ घनश्याम बिटू समन्वयक एन एस एस डूंगर कॉलेज इकाई के निर्देशन में तथा सहायक प्रोग्रामर ज्योति स्वामी के समन्वय में किया गया, जिसमें चंचल पंवार एवं मानसी कच्छावा, निशांत के सहयोग से सभी प्रतियोगिताएँ सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता और समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

दस साल में सीवरेज का पानी नहीं ले पाई बिजली परियोजना

बीकानेर, यहा गंदे पानी से घरों को रोशन करने का मामला अभी नियमों की पेचीदगियों में उलझा है। केन्द्र और राज्य सरकार की अलग-अलग पॉलिसी में उलझने के कारण ना तो नेवेली अब तक कोई निणर्य कर पाया और ना ही निगम पीछे हटने को तैयार है। इसलिए नगर निगम सुजानदेसर ट्रीटमेंट प्लांट से नेवेली को पानी साफ करके देना तो चाहता है मगर उसके ना लेने के कारण 20 एमएलडी साफ पानी ऑक्सीजन पार्क में दिया जा रहा है। दरअसल 2016 में केन्द्र सरकार ने नीति बनाई कि महानगरों और शहरों में सीवरेज के पानी को बिजली परियोजना में काम में लिया जा सके। इससे दो काम एक साथ होंगे। पहला गंदे पानी का उपयोग और दूसरा पीने के पानी की बचत होगी क्योंकि अभी बिजली परियोजनाएं पीने के पानी को ही परियोजनाओं में उपयोग कर रही हैं। नेवेली प्रशासन ने प्रस्ताव दिया था कि एसटीपी प्लांट से पाइप लाइन के सहारे पानी ले जाएगी। इसके लिए निगम और नेवेली के बीच एक दौर की बातचीत हो चुकी थी। निगम ने पाइप लाइन बिछाने के लिए एक

■ केंद्र और राज्य सरकार के अलग-अलग नियमों में फंसा निर्णय

डीपीआर सौंपी थी। उसके बाद नेवेली को यह तय करना है कि निर्धारित तीन में से किस रूट से पानी ले जाए, जिससे उसकी लागत कम हो।

2019 में नगर निगम ने नेवेली को केन्द्र सरकार के आदेशों का हवाला देते हुए पानी के उपयोग के लिए पत्र लिखा था। नेवेली ने वल्लभ गार्डन के एसटीपी सेंटर से पानी ले जाने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई थी, मगर उसमें खर्ची 200 करोड़ रुपए आंका गया। नेवेली को खर्ची ज्यादा लगा, इसलिए बात वहीं रुक गई। कुछ समय पहले कलेक्टर की मौजूदगी में भी मीटिंग हुई और कलेक्टर ने भी राज्य सरकार के ही नियमों की पालना करने के लिए कहा। नेवेली पैसे देकर पानी नहीं लेना चाहती और इसी कारण बातचीत रुक गई। निगम बिना मेंटीनेंस खर्च के पानी देना नहीं चाहता क्योंकि राज्य सरकार ने मेंटीनेंस खर्च लेने का प्रावधान किया हुआ है। सुजानदेसर में 20 एमएलडी के बाद 12 एमएलडी का एक और प्लांट लगेगा। 32 एमएलडी पानी का निगम उपयोग कर नहीं पाएगा इसलिए अगर नेवेली ने पानी नहीं लिया तो वल्लभगार्डन की तरह यहां भी निगम गंदे पानी को बेचकर कमाई करेगा। पानी साफ कर किसानों को सिंचाई या दूसरे कामों के लिए पानी बेचने के लिए निविदाएं तैयार की जा रही हैं। हालांकि यह काम प्राइमरी लेवल पर है क्योंकि 20 एमएलडी पानी सिंचाई के लिए बहुत कम है। इससे करीब 100 से 200 हेक्टेयर तक ही सिंचाई हो सकती है। सुजानदेसर में नगर निगम की 300 बीघा के आसपास जमीन है। अगर नेवेली और निगम के बीच सहमति बनती भी है तो नेवेली को पानी ले जाने के लिए कुछ उपकरण लगाने होंगे। उसके लिए जमीन किराए पर लेनी होगी। फिलहाल नेवेली इंदिरा गांधी नहर से 25 क्यूसेक पानी ले रही है, जिससे बिजली बनने के साथ कूलिंग व अन्य प्रोसेस में लिया जाता है।

नापासर में वीर तेजाजी महाराज की जयंती पर उमड़े श्रद्धालु

नापासर, यहा जाटबास स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर में गुरुवार को सत्यवादी गौभक्त वीर तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया और एक भव्य महारैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।प्रात:काल मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और वीर तेजाजी महाराज से क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह करीब 11.15 बजे मंदिर परिसर से एक भव्य महारैली निकाली गई। इस महारैली में डीजे, सुसज्जित रथ, ऊंट, ट्रैक्टर और अन्य वाहन शामिल थे।

भक्तजन जयकारों और भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरे, जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय वातावरण में रंग गया। ग्रामीणों और दुकानदारों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर महारैली का स्वागत किया।आयोजन समिति के अनुसार, इस महारैली में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही, जिसमें युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी श्रद्धा भाव से शामिल हुए।

इस आयोजन से आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और वीर तेजाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का आ ान किया।महारैली के बाद मंदिर परिसर में महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस को कुष्ठ रोग निवारण दिवस के रूप में मनाएगा स्वास्थ्य

श्रीगंगानगर में कोहरे और बारिश का अलर्ट

श्रीगंगानगर, जिले में एक बार फिर से मौसम बदल गया है। बारिश और घने कोहरे के बाद आज मौसम ड्राई बना हुआ है और धूप निकली है। साथ ही ठंडी हवाएं चल रही है।अगले दो दिन तक जिलेभर में ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना है। 31 जनवरी को जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री और अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं, मंगलवार को यहां न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री रिकार्ड किया गया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राजस्थान के पश्चिमी भागों में मौसम ड्राई बना हुआ है जिसके कारण ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने 31 जनवरी को जिले में घने कोहरे का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम ड्राई बना रहने से सरसों की फसल को नुकसान की आशंका है। जिससे उत्पादन कम होगा।

सीए बनने वाले छात्रों को देगी छात्रवृति

बीकानेर, शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज की उच्च शिक्षा समिति इस वर्ष से नीट व जेईई प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग हेतु पिछले सात वषो से दी जाने वाली छात्रवृति के अलावा दो ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को भी छात्रवृति प्रदान करेगी जो चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा की तैयारी कर रहे है। श्री श्यमोजी वंशज मग भोजक सेवागान प्रन्यास में आयोजित समिति की बैठक में यह निणर्य लिया गया। समिति के आर के शर्मा ने बताया कि बाबूलाल सेवग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदस्यों से प्राप्त इस प्रस्ताव को संयोजक महेश भोजक ने विचारार्थ रखा । सीए के डी सेवग ने सीए परीक्षा के बारे में बताया तथा कहा कि लाखों विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग लेते है।

ग्रामीण विकास में सरपंच की भूमिका, महिलाओं के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित

बीकानेर राजकीय डूंगर महाविद्यालय, के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज दिनांक 29 जनवरी को 'ग्रामीण विकास में सरपंच की भूमिका ; महिलाओं के संदर्भ में' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेंद्र पुरोहित ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक सशक्त महिला सरपंच बहुआयामी विकास कार्य करती है 'महिला प्रकोष्ठ सदस्य निधि शर्मी ने विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा अतिथि का परिचय दिया कार्यक्रम की मुख्य

■ उन्होंने बताया की किस प्रकार अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए

वक्ता श्रीमती प्रियंका सारण, सरपंच, सोमलसर ने अपने वक्तव्य में अपने अनुभव बताते हुए छात्राओं को पूरे दृढ़ निश्चय के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी साथ ही उन्होंने बताया की किस प्रकार अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए सोमलसर गांव में डिजिटल लाइब्रेरी ,जलकुंड निर्माण, खेल मैदान निर्माण, सड़कों तथा बिजली के खभों की उपलब्धता सुनिश्चित कीं उन्हें 2025 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आमंत्रित किया गया।

नई दिल्ली में उन्होंने एपीजीहू कार्यक्रम में भाग लियाि प्रो. अनिला पुरोहित ने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दीि महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका का डॉ. सोनू शिवा ने छात्राओं को करियर में आ रही चुनौतियों का सामना करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की ओर प्रेरित किया कार्यक्रम का संचालन डॉ.निधि शर्मा एवं डॉ मुक्ता ओझा द्वारा किया गया िकार्यक्रम में प्रकोष्ठ सदस्यों में डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. करबी शाह, डॉ प्रेरणा महेश्वरी, डॉ उषा लामरोड़ ,डॉ सुनीता गोयल डॉ.उमा राठौड़, डॉ पूनम चरण ,डॉ अर्चना पुरोहित, डॉ सुमन चौधरी, डॉ सुनीता मंडा ,डॉ. फखरुनिसा बानो एवं डॉ. सुषमा सोनी उपस्थित रही तथा अनेक छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सरपंच महोदय से संवाद करते हुए अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

बीकानेर में भारतीय सेना भर्ती रैली का विधिवत शुभारंभ

बीकानेर, (निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के खेल स्टेडियम में गुरुवार को भारतीय सेना भर्ती रैली का विधिवत शुभारंभ हुआ। उप महानिदेशक भर्ती ब्रिगेडियर श्री उपेंद्र कौशल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू और झुंझुनूं समेत कुल पांच जिलों में सेना भर्ती के इंचार्ज कर्नल अंकुर कुमार ने बताया कि सुबह तड़के शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में अभ्यथिर्यों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। पहले दिन अभ्यथिर्यों की 1.6 किलोमीटर दौड़, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा शारीरिक माप परीक्षण आयोजित किए गए। सेना के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ ड्रग स्क्रीनिंग किट के माध्यम से नशीले पदार्थों के सेवन की भी जांच की गई, जिससे भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। कर्नल कुमार ने बताया कि भर्ती रैली के पहले दिन अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों के लिए बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के अभ्यथिर्यों ने भाग लिया। शारीरिक परीक्षा में सफल अभ्यथिर्यों को 30 जनवरी को विस्तृत चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। रैली के दूसरे दिन अग्निवीर कूर्क पद के लिए बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और झुंझुनू जिलों के अभ्यथिर्यों का शारीरिक परीक्षण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी, निष्पक्ष और निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही है। अभ्यथिर्यों से अनुशासन बनाए रखने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। विदित है कि यह भर्ती रैली सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) झुंझुनू द्वारा, मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। भर्ती प्रक्रिया 29 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगी। इस दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर कूर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/ Rajkaj Ref.20001178 दिनांक : 21-01-2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 02 में भूखण्ड का माप 35'-0" गुणा 65-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती ज्योति सुराना पत्नी श्री अजय सुराना निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 2043 दिनांक 26.09.2013 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक / पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपखंडीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जारित प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय अधोहस्ताक्षरकर्ता 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुन: नया पट्टा जारी किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री तरसेम सिंह पुत्र श्री कृपाल सिंह निवासी गणपति नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री तरसेम सिंह पुत्र श्री कृपाल सिंह निवासी गणपति नग